**POLICE COMMISSIONERATE**

**PRAYAGRAJ**

# सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 08.09.2026

## थाना उतरांव पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

थाना उतरांव क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नागनाथपुर आराकलां निवासी महावीर पटेल पुत्र स्व0 राम कुमार पटेल द्वारा थाना उतरांव पर तहरीर दी गई कि दिनांक-02.09.2026 को विजय कुमार पुत्र रामसजीवन निवासी ग्राम जनुआढीह चादोपारा थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा अभिषेक कुमार पुत्र विजय कुमार के साथ मिलकर द्वारा उनकी 01 पुत्री तथा 01 नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा लिया गया है, महावीर पटेल उपरोक्त द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना उतरांव पर मु0अ0सं0-199/2026 धारा-87/137(2) भा0न्या0सं0 बनाम 1. विजय कुमार पुत्र रामसजीवन निवासी ग्राम जनुआढीह चादोपारा थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज 2. अभिषेक कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी ग्राम जल्लुपूर थाना सोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व पीड़िता की बरामदगी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया।

**पुलिस की कार्यवाही-**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया के

कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना उतरांव पर पंजीकृत मु0अ0सं0-199/2026 धारा-137(2)/87 भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अभिषेक पटेल उर्फ खुरबुद्दी उर्फ बच्चा पुत्र विजय पटेल निवासी ग्राम युसुफपुर जिल्ला उर्फ जल्लूपुर थाना सोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना उतरांव पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-08.09.2026 को थाना उतरांव क्षेत्रान्तर्गत बलीपुर ओवर ब्रिज के पास से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

अभिषेक पटेल उर्फ खुरबुद्दी उर्फ बच्चा पुत्र विजय पटेल निवासी ग्राम युसुफपुर जिल्ला उर्फ जल्लूपुर थाना सोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 19 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0-199/2026 धारा-137(2)/87 भा0न्या0सं0 थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 उमेश यादव, थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. रि0का0 विशाल सरोज, थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज।